(ख) क्या फिरोजाबाद (उत्तर प्रदेश) में टेलीफोन एक्सचेंज खोलने का प्रस्ताव है; और

(ग) यदि हां, तो कब ?

संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नरहरि प्रसाद सुखदेव सई): (क) में (ग). इस समय फिरोजाबाद को 1320 लाइनों की क्षमता वाले एक मैनुअल टेलीफोन एक्सचेंज से टेलीफोन सेवा मिल रही है। इस समय वहां 1114 टेलीफोन कनेक्शन काम कर रहे हैं और प्रतीक्षा सूची में कोई भी अर्जी दर्ज नहीं है।

विभाग सभी मौजूदा मनुअल एक्सचेंजों को आटोमेटिक एक्सचेंज में बदलने के लिए काम कर रहा है। लेकिन, साधन सीमित होने के कारण, विशेष रूप से आटोमेटिक एक्सचेंज उपस्कर सीमित संख्या में उपलब्ध होने के कारण, आटोमेटिक एक्सचेंज में बदलने के कार्यक्रम की प्रगति धीमी रही है। आटोमेटिक एक्सचेंज में बदलने के लिए लाइनों की कोई न्यूनतम संख्या निर्धारित नहीं की गई है। सामान्यतया, राज्यों की राजधानियों, जिला मुख्यालयों और बड़े मनुअल एक्सचेंजों को प्राथमिकता दी जा रही है।

वर्तमान समय में आटोमेटिक एक्सचेंज उपस्कर उपलब्ध होने की जो स्थिति हैं, उसको देखते हुए आशा की जाती है कि फिरोजाबाद एक्सचेंज को आटोमेटिक बनाने की योजना पर कार्रवाई 1978-83 की परिवर्तनशील योजना के अन्त तक शुरू की जा सकेगी और 1983-84 की अगली परिवर्तनशील योजना के दौरान यह योजना पूरी की जा सकेगी।

श्रमिक शिक्षा योजना के अन्तर्गत शिक्षा अधिकारियों की नियुक्ति में अनियमितताएं

663. **श्री हरगोविन्द वर्मा**: क्या **संसदीय कार्य तथा श्रम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या श्रमिक शिक्षा योजना के अन्तर्गत शिक्षा अधिकारियों की नियुक्तियां करने में काफी अनियमितताएँ की गई हैं; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार इन अनियमितताओं को दूर करेगी ?

श्रम तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा० राम कृपाल सिन्हा): (क) और (ख). शायद यह प्रश्न शिक्षा अधिकारियों के रूप में नियुक्ति के लिए रोजगार पूर्व प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु केन्द्रीय श्रमिक शिक्षा बोर्ड की चयन समिति द्वारा किए जा रहे साक्षात्कारों के सम्बन्ध में है। अभी तक कोई भी नियुक्ति नहीं की गई है। उन व्यक्तियों से कुछ अभ्यावेदन प्राप्त हुए थे, जिन्हें साक्षात्कार के लिए नहीं बुलाया गया था। इन अभ्यावेदनों की जांच पड़ताल की गई है परन्तु कोई अनियमितता नहीं पाई गई।

Progress in family welfare programme

664. SHRI HITENDRA DESAI: Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) the progress of the Family Welfare Programmes during the last six months; and

(b) whether Government consider the same to be satisfactory and adequate?